Seventeenth Loksabha

span>

Title: Regarding outbreak of Measles in Maharastra.

श्री मनोज कोटक (मुम्बई उत्तर-पूर्व): माननीय सभापति महोदय, महाराष्ट्र सहित मुम्बई के विभिन्न इलाकों में मीजल्स यानी खसरे, जिसे स्थानीय भाषा में गोवर कहते हैं, का प्रकोप बढ़ रहा है। मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत भिवंडी, शिवाजी नगर, मानखुर्द आदि सभी क्षेत्रों में खसरे के प्रकोप के कारण पिछले एक महीने में 13 छोटे-छोटे बच्चों की मृत्यु हो चुकी है, ऐसी आशंका है। एक से लेकर 10 साल के बच्चों में यह संक्रामक बीमारी भयजन्य परिस्थिति को क्रॉस कर चुकी है।

स्थानिक निकाय यानी मुम्बई महानगरपालिका, स्थानिक राज्य सरकार उसके ऊपर काम तो कर रही है। चूंकि यह हेल्थ का विषय है, इसलिए वैक्सिनेशन की कमी, मालन्यूट्रीशन आदि इसके कई कारण बताए जा रहे हैं। केन्द्र सरकार की ओर से एक टीम ने आकर जाँच भी की है।

मेरा आपके माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री और भारत सरकार से यह अनुरोध है कि इस परिस्थिति को काबू में करने के लिए जल्द-से-जल्द कदम उठाए जाएं। मुम्बई महानगरपालिका और राज्य सरकार को हरसंभव सहायता प्रदान की जाए ताकि मीजल्स यानी खसरे के प्रकोप की रोकथाम हो सके, इसके लिए केन्द्र सरकार को अहम भूमिका निभानी चाहिए और वैक्सिनेशन को गति देनी चाहिए एवं मालन्यूट्रीशन के केसेज पर भी काम करना चाहिए।